## सार-समाचार

### पार्श्वनाथ के निर्वाण लड्डू चढ़ाया



**बूंदी** (निसं)। जैन धर्म के 23 वें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर रविवार को चौगान बाजार पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, दिगंबर जैन नरसिया, देवपुरा संभावनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित जैनालियों में श्रावण शुक्ल सप्तशती पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। भगवान के निर्वाण दिवस पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चोगान जैन मंदिर में भगवान के अभिषेक व शांति द्वारा करके पारसनाथ विधान मंडल का आयोजन हुआ। इस विधान से जुड़े बबीता गंगवाल व अनीता सेठिया ने बताया कि विधान में भगवान के 180 अर्थ चढ़ाए गए एवं भगवान की सामूहिक आरती की गई। सायंकाल भक्तामर पाठ व आरती हुई। विधान एवं शांति धारा विधानाचार्य देवेंद्र जैन व प्रियंका जैन अलोद वालों ने संपन्न कराया। भगवान के मोक्ष कल्याणक पर देश व समाज की सुख समृद्धि के लिए कन्याओं ने निराहार उपवास रखकर पार्श्वनाथ भगवान की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पदम सेठिया, विरेन्द्र गंगवाल, संगीता गंगवाल, मनोज, पायल, विमल अग्रवाल, रमेश जैन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ

**छबड़ा** (निसं)। सीबीईओ ओमप्रकाश गालव के मार्गदर्शन में नीमथुर बालाजी परिसर में सोमवार को कक्षा 1 से 5 तक अध्यापन करवाने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय, गैर आवासीय बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं आंकलन आधारित प्रथम चरण के शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य पुजारी विष्णु वैष्णव, शिक्षक संघ के अध्यक्ष बद्री लाल मेहता, पूर्व शिक्षक संघ अध्यक्ष बिठ्ठल मीणा तथा संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर द्वारा किया गया। संदर्भ व्यक्ति चिंकी गालव के अनुसार प्रथम सत्र में संभागियों का परिचय, पूर्व परख एवं राज्य में एफएलएन का पुनरावलोकन उप सत्र में सामान्य परिचय एवं पूर्व परख राज्य में एफएलएन का पुनरावलोकन एवं प्रयास दूसरे सत्र में राज्य में एफएलएन हेतु किये गए नवीन प्रयासों पर विस्तृत चर्चा, उप सत्र में बहुभाषी शिक्षा व भाषा आधारित शिक्षण, अवधारणा व प्रमुख रणनीतियां, विधा प्रवेश (स्कूल रेडीनेश) मध्यान्तर बाद तीसरे सत्र में एफएलएन में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक अध्ययन एवं आंकलन और असेसमेंट पोर्टल का उपयोग उप सत्र में एफएलएन सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक अध्ययन, आंकलन एव असेसमेंट पॉर्टल का उपयोग पर जानकारी दी। संभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया।

### 'कर्म की गति का भोग भोगना ही होता है'

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के ग्रीन ग्रीन पार्क कॉलोनी स्थित राम जानकी मंदिर पर आयोजित शिव पुराण कथा में सोमवार को शिवजी के पांच मुखो का वर्णन किया गया। यहां निराकार शिवलिंग का अर्थ समझाया गया। श्यामबाबू अहीर अध्यापक ने बताया कि कथा प्रसंग के दौरान पण्डित रमेष भार्गव ने कहा कि कर्म की गति का भोग हमें भोगना पड़ता है। मिठाई और दवाई में अंतर है, हम मिठाई अपनी मर्जी से सेवन करते हैं, लेकिन दवाई डॉक्टर की सलाह से लेते हैं। जन्म लेने के बाद इस शरीर को पाने के बाद दुनिया के सारे दुख, सारी तकलीफें, सारे कष्ट, सारे रोग, बीमारी और दुःख हमारे जीवन में जो-जो लिखा होगा वो सब आएगा। लेकिन ऐसा नहीं है कि दुःख ही दुःख मिलेगा। शिव महापुराण की कथा कहती है जैसे दिन होता है रात होती है, धूप होती है छांव होती है, ठीक उसी तरह सुख होता है दुःख होता है। उस सुख और दुख के बीच में अगर किसी ने भगवान का गुणगान कर लिया, उसने भगवान का भजन कर लिया तो उसकी जिंदगी सार्थक हो जाती है और उसका जीवन आनंदित हो जाता है।

### कलेक्टर ने नैनवां क्षेत्र का दौरा किया

**नैनवां** (निसं)। उपखंड क्षेत्र में जारी भारी बारिश के मध्य नजर प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थितियों, समस्याओं को लेकर क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, एसडीएम हिंडोली नैनवां विनोद कुमार मीणा, तहसीलदार नैनवा राम राय मीणा मौजूद रहे। इस दौरान नैनवा एसडीएम कार्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सुबह आठ बजे से ही बूंदी नैनवा सहित पूरे क्षेत्र में भारी बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश को देखते हुए अधिकारियों के साथ क्षेत्र का जायजा लिया है। अभी तक कुछ स्थानों को छोड़कर हालात सामान्य है।जनता से अपील है कि कि वह जल भराव क्षेत्र, बांधो, नदियों से दूर रहे सावधानी बरतें। तो वही पिकनिक स्थलों पर भी सावधान रहे। पुलिया या रपटो वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रिस्क न लेकर सावधानीपूर्वक आवागमन करें। किसी भी प्रकार की आपात स्थितियों के लिए सहायता केंद्र पर सूचना करें।

### डिजि लॉकर एप की जानकारी दी

**बून्दी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय, बूंदी में प्राचार्य डॉक्टर संदीप यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सत्र 2023-24 के सर्टिफिकेट डाउनलोड करने हेतु डिजिलॉकर एप की जानकारी छात्राओं को दी गई। साथ ही छात्राओं से राष्ट्रीय सेवा योजना के सर्टिफिकेट डाउनलोड करवाए गए। डॉ. मनीलता पचानौत ने कहा कि पूर्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमाण पत्र ऑफलाइन जारी किए जाते थे परंतु सत्र 2023-24 से सर्टिफिकेट ऑनलाइन डिजिलॉकर एप के माध्यम से छात्रा के आधार से जुड़े मोबाइल पर जारी किए जा रहे हैं। जो छात्रा राष्ट्रीय सेवा योजना के 2 साल पूरे कर चुकी है एवं सात दिवसीय विशेष शिविर पूर्ण कर चुकी है वह छात्रा अपना आधार से लिंक मोबाइल नंबर में डिजिलॉकर एप डाउनलोड कर, इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना पर जाकर, रजिस्ट्रेशन नंबर और रोल नंबर डालकर अपना सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकती है।

### टैबलेट वितरण कार्यक्रम स्थगित

**बून्दी** (निसं)। जिले के शैक्षिणक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 के पात्र 1287 मेधावी विद्यार्थियों को ब्लॉकवार टेबलेट का वितरण 13 अगस्त से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जाना था। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक राजेन्द्र कुमार व्यास ने बताया कि निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार टेबलेट वितरण कार्यक्रम को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सभी संस्था प्रधानों को टैबलेट वितरण से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण करने के लिए सूचित कर दिया गया है। निदेशालय से वितरण के लिए सूचना मिलने पर टैबलेट प्राप्ति के लिए नवीन आदेश पृथक से जारी कर दिए जाएंगे।

### हिंगलोट बांध पर 5 सेमी की चादर चली

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में लगातार रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है बारिश से क्षेत्र के जलाशयों का जलस्तर बड़ रहा है। वहीं, क्षेत्र के हिंगलोट बांध पर भी लबालब हो गया। हिंगलोट बांध पर 5 सेमी की चादर चल रही है। जानकारी के अनुसार छबड़ा क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है जो रुक-रुक कर सोमवार तक जारी रहा। जिसके चलते नदियों, तालाबो, नालों व बांधो में भी लगातार पानी की आवाक हो रहीं है जिससे जलाशयों का जलस्तर बड़ रहा है। वही, क्षेत्र के हिंगलोट बांध भी लबालब हो गया जिसपर 5 सेमी की चादर चल रही है।

### जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा

**छबड़ा** (निसं)। प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार महाराज का 50 जन्मदिन 14 अगस्त को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मथुरेश सोनी के अनुसार प्रथम पीठ मथुराधीश के तिलकायत लालमणि महाराज के पुत्र मिलन कुमार महाराज का जन्मदिन धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिनका जन्मदिन कोटा, मथुराधीश पाटनपोल, मध्यप्रदेश भंवरा आदि स्थानो पर मनाया जाएगा। जन्मदिन के दिन सुबह 12 मारकंडे पूजा व रात्रि को मुम्बई में गरबा रस आयोजित होगा।

### तिरंगा मैराथन आज

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में मंगलवार को तिरंगा मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जो नदी दरवाजा पुलिया से सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगी, जो पुराना थाना, डिप्टी ऑफिस, बालिका विद्यालय, आजाद सर्किल, अंहिसा सर्किल, खेल मैदान पहुंचकर संपन्न होगी।

# 'फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति लाकर रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करें'

**झालावाड़**, (निसं)। आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराते हुए राज्य स्तर पर रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान पर आने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी एवं सजगता से विभागीय कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को भूमि आवंटन के प्रकरणों के निस्ताण के लिए उनकी जानकारी देने के निर्देश दिए ताकि शीघ्र अग्रिम कार्यवाही करते हुए भूमि आवंटित की जाए। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अतिक्रमण हटवाने के कार्य को गति प्रदान करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर फैंसिंग कर राजकीय सम्पत्ति का सूचना बोर्ड लगाने की कार्यवाही कर जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने तथा व्यापक मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।



झालावाड़ जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग से संबधित 30 दिन पुराना कोई भी प्रकरण सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित रहा तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने ई-फाइलों एवं लाइट्स पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए।

उन्होंने गांवडी तालाब के पास हाइटेंशन लाइन के नीचे बसे लोगों के अवैध बिजली कनेक्शन काटते हुए पुलिस जाप्ते के साथ अवैध मकानों को हटवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत आमजन को 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने के लिए जागरूक करने के निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा छोड़ने व आमजन को भी इसके लिए जागरूक करने की प्रतिज्ञा उपस्थित अधिकारियों को दिलाई गई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरयूआईडीपी, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), रसद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं वन विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भोलेनाथ का जलाभिषेक किया

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में सावन के तीसरे सोमवार को सभी शिव भक्तो ने पैदल चलकर कांवरिया लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जिसमें मांगरोल से डिबरी बड़ोंद से महादेव जी कालीसिन नदी से जला लाकर कावडिया ने सोरती बावडी लिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया।

दूसरी कावड यात्रा बूंदी जिले रामेश्वर धाम से मांगरोल बिलेश्वर महादेव क्षित्रयों के स्थान पर महादेव जी के मंदिर पर जलाअभिषेक व हाडी पाली महादेव से गऊघाट महादेव पर आकर जलाभिषेक किया सभी भक्तों का नगर वासियों ने फल फ्रूट टेकर स्वागत किया गया भगवान भोलेनाथ के जयकारे के साथ कावड यात्रा पैदल चलकर भोले नाथ मंदिर पर पहुची मंत्र उचार के साथ पूजा अर्चना की।

# गगनभेदी जयकारों के साथ नागेश्वर बाबा का जलाभिषेक हुआ

**छबड़ा** (निसं)। सावन माह के चौथे सोमवार को नागेश्वर मंदिर सेवा समिति तत्वाधान में भव्य कावड यात्रा निकाली गई। इस कावड यात्रा में षामिल षिवभक्तो ने गगनभेदी जयकारों के साथ पार्वती नदी के जल से नागेष्वर बाबा जलाभिशेक किया।

शिवभक्त गुगोर गांव के समीप प्रवाहित हो रही पार्वती नदी में तट पर पहुंचे, यहां विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर महिलाओं, पुरूशों एवं बच्चों ने अपने-अपने पात्रों में पार्वती नदी का पवित्र जल भरा एवं महाआरती के तत्पष्चात् भक्तों की पैदल-पैदल भव्य षोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो कि गांव आंचोली, महेषपुरा, धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, लोटा भैरू, अलीगंज बाजार, पुराना बाजार, छत्री चौराहा होते हुए कैलाष पर्वत पर पहुंची जहां पर कावडियों द्वारा अपने-अपने पात्रों में भरकर लाए पार्वती नदी के पवित्र जल से नागेष्वर बाबा का गगनभेदी जयघोश के साथ जलाभिशेक कर मन्नते मांगी। इस षोभायात्रा में कावडियों द्वारा लगाए गए हर-हर महादेव व हर-हर, बम-बम, आदि जयकारों एवं डीजे साउंड पर चल रहें षिव भजनों से शहर में धार्मिक माहौल बना रहा।

वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी के नेतृत्व में आजाद सर्किल पर कावड़ियों का पुश्पवर्शा कर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सीपी गेरा, पार्शद विपिन षर्मा, कटिखंडी गौषाला समिति अध्यक्ष मनोज राठौर, किषन भार्गव, अमित गालव, हिमांषु धींगडा, गोविंद सोनी, राजेंद्र नामदेव, गौरव सेन आदि मौजूद थे। वही, पालिकाध्यक्ष केसी जैन के नेतृत्व में महामंत्री हरिओम गौड़, पार्शद कपिल यादव, गोविंद तिवारी, जितेंद्र साहू, रामदयाल षर्मा आदि ने स्वागत किया। इसी के साथ ही, कावड़ यात्रा का भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार सजाकर पीने के लिए षीतल जल एवं अल्पाहार, षरबत की व्यवस्था की। शोभायात्रा की भव्यता को देखते हुए पुलिस प्रषासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। वही, सीआई राजेष खटाना के नेतृत्व में जगह-जगह पर पुलिस जवान तैनात रहे। समिति अध्यक्ष गणेष भार्गव ने पुलिस प्रषासन व समिति कार्यकर्ताओ सहित समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया।

# हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिए सोमवार को जिलेभर में राज्य सरकार के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ।

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा और जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने शहर के हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर से तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने कहा कि जिले भर में स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उत्साह से मनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने तिरंगा रैली के दौरान स्कूली बच्चों को तिरंगा शपथ एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ भी दिलाई।

जिले की सभी राजकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें आमजन के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं ने शपथ भी ली।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, स्काउट सीओ सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जिलेभर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में कैनवास व सेल्फी पाइंट का अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कैनवास पर जय हिंद लिखा और सेल्फी पाइंट पर सेल्फी लेकर देशभक्ति की भावना का संदेश प्रसारित किया। इसके अलावा जिला परिषद कार्यालय के बाहर भी कैनवास व सेल्फी पाइंट का अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) नवरत्न कोली ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कोषाधिकारी अंजनी कुमार शर्मा, नरेगा के अधिशाषी अभियंता प्रियव्रत सिंह, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक महेन्द्रपाल, स्वच्छ भारत मिशन के जिला परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को तिरंगा मैराथन का आयोजन होगा। तिरंगा मैराथन खेल संकुल से लंका गेट, रानी जी की बावड़ी, नागर सागर कुंड, एक खंभे की छतरी, सर्किट हाउस तक निकाली जाएगी। खेल संकुल में सुबह 8 बजे जिला कलक्टर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# झालावाड़ में तिरंगा रैली के माध्यम से तिरंगा फहराने का संदेश दिया

**झालावाड़** (निसं)। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजकीय विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल से मिनी सचिवालय तक तिरंगा रैली (मेराथॉन) का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली को जिला कलेक्टर की पहल पर राजकीय विद्यालय के छात्र द्वारा हरी झण्डी दिखाकर खेल संकुल से रवाना किया गया। रैली में आगे-आगे जिला कलेक्टर के साथ अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा सहित अन्य अधिकारी एवं आमजन हाथों में तिरंगा लिए "भारत माता की जय" एवं "वन्दे मातरम्" के नारे लगाते हुए जोश व उमंग के साथ चल रहे थे। रैली के माध्यम से उक्त अभियान के तहत हर-घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस को हमें जोश व उमंग के साथ मनाना चाहिए। इस पर्व पर सम्पूर्ण देश में देशभक्ति का माहौल बनाने के लिए "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जा रहा है।



जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में राजकीय विजयाराजे सिंधिया खेल संकुल से मिनी सचिवालय तक तिरंगा रैली ( मैराथॉन ) का आयोजन किया गया।

उन्होंने सभी से आगामी 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों व कार्यालयों में तिरंगा फहराने की अपील की। रैली (मेराथॉन) खेल संकुल से सुभाष सर्किल, मोटर गैराज, बड़ा बाजार, गढ़ परिसर, मंगलपुरा चौराहा, मंगलपुरा टेक, मूर्ति चौराहा, मामा-भांजा चौराहा होते हुए मिनी सचिवालय पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली में पीटीएस के जवान, राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं, महिला शिक्षण विहार की छात्राओं सहित जिला स्तरीय अधिकारी व आमजन ने भी भाग लिया। इस दौरान खेल संकुल में लगाए गए बैनर पर जिला कलक्टर सहित सभी अधिकारियों एवं आमजन ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा मिनी सचिवालय में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत स्वयं नशा छोड़ने एवं आमजन को इसके लिए जागरूक करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के सहायक नोडल अधिकारी जीतमल नागर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता हुकुमचन्द मीणा, जिला रसद अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सुरेश शर्मा, तहसीलदार झालरापाटन नरेन्द्र मीणा, सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

**अंता** (निसं)। युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद का जीवन एक कठोर तपस्वी की तरह रहा है, उनके जीवन से हमें सदैव देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है, यह विचार राजस्थान सरकार के शिक्षा व पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने अंता ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमलसरा में पूज्य स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले महापुरुषों के इतिहास को शामिल कर आने वाली युवा पीढ़ी को अवगत कराने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। समारोह में डाक्टर ललित मीणा विधायक किशनगंज तथा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बारां आनंद गर्ग ने समारोह की अध्यक्षता की। अमलसरा विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ प्रधानाचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने मय स्टाफ के अगवानी की। विद्यालय की छात्राओ ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत गान से स्वागत किया। विद्यालय परिसर में पूज्य स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का विधिवत रूप से अनावरण किया गया। समारोह में सैंकड़ों की संख्या में नागरिक गण शामिल रहे।

### सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**झालावाड़** (निसं)। मां रेणुका सेवा समिति द्वारा आयोजित सावन महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी पूर्वा दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्ण प्रिया अदिति राधे द्वारा भजन संध्या एवं प्रद्युम्न पांडे द्वारा सावन गीत प्रस्तुत किये जिस पर ब्राह्मण महिलाओं ने आनंद लिया तथा भाव विभोर होकर नृत्य किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रश्मि शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि आभा जोशी रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मां रेणुका सेवा समिति जिला अध्यक्ष ज्योति जोशी ने की। कार्यक्रम में सावन क्वीन प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी शर्मा, द्वितीय कमलेश शर्मा, तृतीय तरूणा तिवारी रही मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम कमलेश गौतम, द्वितीय तरुणा तिवारी, तृतीय पुष्पलता दुबे रही कार्यक्रम में लक्की डॉ. दुर्गेशनन्दनी शर्मा का निकला इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में सभी ब्राह्मण की महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें विप्र फाउंडेशन से बरखा शर्मा व अर्चना शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा से मंजू शर्मा व दुर्गेश नंदिनी शर्मा, झालावाड गुर्जर गौड समाज से दीपिका शर्मा, तथा सीनियर महिलाओं के सम्मान में मीनाक्षी औदिच्य, मधु मिश्रा, किरण शर्मा, सुशीला शर्मा, का सम्मान किया गया। आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत वीणा दुबे, ज्योति व्यास, वीनू शर्मा, सावित्री मिश्रा, मधु मिश्रा, गोरी दुबे, नीलू शर्मा, मीनाक्षी उपाध्याय, योजना शर्मा, प्रीति शर्मा, ज्योति शर्मा, मंजू शर्मा, सुमन दुबे, ने किया।

### कर्मचारियों को शपथ दिलाई



**रामगंजमंडी** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सोमवार को कोटा जिले के स्वास्थ्य भवन एवं चिकित्सा संस्थानों में प्रतिज्ञा का आयोजन किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश कुमार सोनी ने नयापुरा स्थित स्वास्थ्य भवन में कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने एवं भारत के ध्वज सहिंता का पालन करने तथा इसका सदैव सम्मान करने का संकल्प लेने की प्रतिज्ञा दिलाई। सभी कार्मिकों ने हाथों में राष्ट्रीयध्वज तिरंगा थामे शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ घनश्याम मीना आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल डॉ सुधींद्र श्रृंगी भी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि इसी प्रकार चिकित्सा संस्थानों में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

### दधिमती माता मन्दिर में चोरी

**बून्दी** (निसं)। बूंदी जयपुर रोड स्थित दाधीच समाज की कुल देवी दधिमती माता मन्दिर में एक बार फिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी का पता सोमवार सुबह पुजारी अंकुश के मंदिर जाने पर लगा, जब उन्होंनें देखा की मन्दिर के ताले टूटे हुए है और माता जी की मूर्ति से श्रृंगार आर्टिफिशल गहने गायब थे। पुजारी द्वारा पुलिस को सूचित किए जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। पुजारी ने बताया कि चोरों व नशेड़ियों के डर से मन्दिर में कोई कीमती सामान नहीं रखते उसके बाद रोज काम में आने वाले सामानों को भी चोर चोरी कर ले जाते है। पुजारी ने बताया कि चोर माता की प्रतिमा से हार, टीकला सहित अन्य आभूषण ले गए व चोरी की वारदात को अंजाम देते समय चोरों ने माता के गले मे पहने हुए हार को खींचने का प्रयास किया है इससे माता के कान के नीचे का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

### 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम



**रावतभाटा**, (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को वीसी के माध्यम से 12 से 15 अगस्त के दौरान 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया है। उपखण्ड क्षेत्र में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए माहोल तैयार करना तथा देश की स्वतंत्रता के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यकमों में सभी नागरिकों को दिल से जुडने हेतु प्रेरित किए जाने हेतू उपखंड कार्यलय में उपजिला कलेक्टर महेश गगोरिया की अध्यक्षता में सोमवार को समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो की बैठक लेते हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए।

### आज जल सप्लाई बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी** (निसं)। रामगंजमंडी परियोजना के जल श्रोत्र आम्बाकुई इन्टेक वेल पर राणा प्रताप सागर बांध का लेवल बढ़ने से नदी में आई घांस व काई पम्पों पर जमने से पेयजल योजना पर जल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जिस कारण योजना पर कम पानी आने से जल सप्लाई प्रभावित हो रही है। जिससे 13 अगस्त मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली जल सप्लाई आंशिक बाधित रहेगी व कम दबाव से होगी।उक्त जानकारी बलभद्र शर्मा सहायक अभियंत (ग्रामीण) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग रामगंजमंडी ने दी।

### आर्थिक सहायता दी

**रामगंजमंडी** (निसं)। मोडक मंगलम महिला मंडल के द्वारा अध्यक्षा विभा सचान एवं संयुक्त अध्यक्षा श्रीमति शशि मण्डोत के नेतृत्व में बड़ोदिया कलां निवासी मांगी बाई धर्मपत्नी बंशीलाल लोधा जिन्होंने करंट लगने से अपने एक हाथ और पांव गंवा दिए,उनको इलाज़ के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। मंडल की पी.आर.ओ. श्रीमति स्नेहा पालीवाल ने जानकारी दी कि इस मौके पर सभी मंडल सदस्या मौजूद रही।